# निरीक्षण आख्या

जनपद – बागपत

दिनांक– 16.12.2015 से 18.12.2015

भ्रमण दल के सदस्यों के नाम

अरविन्द उपाध्याय – परामर्शदाता परिवार नियोजन

मोहम्मद फिरोज, कार्यक्रम समन्वयक – आर.बी.एस.के

मिशन निदेशक, एन0एच0एम0 द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में दिनांक 16.12.2015 व 18.12.2015 को जनपद बागपत का भ्रमण किया गया। भ्रमण में पाये गये निम्न विन्दुओं पर आपका ध्यान आकृष्ट करना है।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रः– बड़ौत जनपद– बागपत

- सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बड़ौत पुरानी विल्डिंग में संचालित है लेकिन साफ सफाई अच्छी पायी गयी। वहा के अधीक्षक का कार्य सराहनीय है।
- सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बड़ौत में अभी तक 105000 ओ0पी0डी0 हो चुकी है तथा वहा प्रसव लोड भी ज्यादा है।
- वहॉ पर एक्सरे मशीन 36 साल पुरानी है जिससे कार्य प्रभावित होता है। वहां पर नई एक्सरे मशीन की आवश्यकता है।
- सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर प्रसव की अधिकता को देखते हुए अल्ट्रा साउण्ड मशीन लगाने की आवश्यकता है।
- परिसर में सीटीजन चार्टर लगवाने की आवश्यकता है।
- वेस्ट मैनेजमेंट की व्यवस्था नही है। अधीक्षक ने बताया कि जनपद स्तर से निविदा करायी गयी थी परन्तु कुक्ष दिनों बाद उसने कार्य करना बन्द कर दिया। परिसर में स्थान कम उपलब्ध होने के कारण वेस्ट मैनेजमेंट की कोई समुचित व्यवस्था नही हो पाती है।
- लेबर रुम में वाशिंग एरिया में एल–वो लगवाने की आवश्यकता है।
- लेबर रुम में प्रोटोकाल बैनर इत्यादि लगवाने की आवश्यकता है।
- लेबर रुम के बाहर आई.ई.सी. लगवाने की आवश्यकता है।
- आशाओं के पेमेन्ट की स्थिति अद्यतम थी।
- लाभार्थियों का पेमेन्ट ससमय किया जा रहा है जिसका खाता नही खुला है उन्ही का भुगतान लम्बित है जिसके लिये सुक्षाव दिया गया कि ए.एन.एम. एवं आशाओं के मासिक बैठक के दौरान बताया जाये कि जब कोई लाभार्थी पहली ए.एन.सी. के दौरान ही उनका खाता खुलवाना सुनिश्चित करें।

## प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, बावली बागपत

- प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बावली की विल्डिंग पुरानी में संचालित है लेकिन साफ सफाई अच्छी पायी गयी।

- प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, बावली के भवन में प्रसव रुम उपलब्ध नही है उसी परिसर में स्थित उपकेन्द्र पर ए.एन.एम. द्वारा प्रसव कराया जा रहा है जो उचित नही प्रतीत होता।
- प्रभारी चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि यह भवन पुरानी है इसमें प्रसव कक्ष बना ही नही है।
- इस वित्तीय वर्ष में केवल 3 प्रसव किया गया जिसके लिये ए.एन.एम. ने बताया कि यह से सामुदायिक स्वास्थ्य केंन्द्र की दुरी कम होने तथा सुविधायें अधिक होने तथा 102 एवं 108 की सुविधा होने के कारण सभी लाभार्थी वही चली जाती है।
- ए.एन.एम. सुनीता वर्मा का कार्य एवं रिकार्ड अच्छे से मेंन्टेन किया गया है।

## राष्ट्रीय वाल स्वास्थ्य कार्यक्रम

- आर.बी.एस.के. टीम का भ्रमण किया गया जिसमें टीम के सदस्यों द्वारा बच्चों का परीक्षण किया जा रहा था।
- टीम के सदस्यों ने बताया गया कि टीम के पास मोबाइल हेल्थ टीम रजिस्टर, माइक्राप्लान की कापी उपलब्ध नही थी।
- टीम के पास ई.डी.एल. के अनुसार दवाये उपलब्ध नही थी।
- टीम के पास हाइट स्केल तथा विजन चार्ट मानकानुसार नही था टीम के सदस्यों ने बताया कि अपने स्तर से यह सामग्री उपलब्ध कराया गया है। इसके लिये ब्लाक कार्यक्रम प्रबन्धक को अवगत कराया गया कि टीम के लिये माइक्रोप्लान, रिपोर्टिग प्रपत्र, इत्यादि के लिये प्रत्येक ब्लाक 10000 की धनराशि राज्य स्तर से निर्गत की जा चुकी है।
- मुख्य चिकित्सा अधिकारी से हुई वार्ता में टीम के पास उपलब्ध सामग्री से अवगत कराया गया। उन्होंने बताया कि टीम रजिस्टर तथा कार्ड के लिये टेण्डर इत्यादि निकाला गया था लेकिन जिलाधिकारी के प्रतिनिधि द्वारा कुक्ष आपत्तियों के कारण टेण्डर निरस्त कर दिया गया। एक सप्ताह के अन्दर टेण्डर प्रक्रिया पुरी कर सभी कार्य करा लिये जायेंगे।

## जिला संयुक्त चिकित्सालय– बागपत )

- चिकित्सालय में डॉ0 बी0एल0एस0 कुशवाहा मुख्य चिकित्सा अधीक्षक हैं, उनके द्वारा अवगत कराया गया कि चिकित्सालय में मानव संसाधन की कमी है। चिकित्सालय में ओवर लोड बहुत है।
- चिकित्सालय परिसर, ओ0टी0, लेबर रूम एवं शौचालय में सफाई व्यवस्था ठीक थी। परिसर के बाहर सफाई की आवश्यकता है।
- चिकित्सालय एवं वार्डो में प्रोटोकॉल पोस्टर प्रचार प्रसार (वाल राईटिंग, डिस्पेले बोर्ड) की कमी थी।
- मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ने अवगत कराया कि यहॉ 200 से 250 हर माह नार्मल डिलेवरी तथा 20 से 25 सिजेरियन डिलेवरी होती है। इसके लिये सिर्फ एक गाइनाकोलाजिस्ट है उनके द्वारा डिलेवरी के साथ–साथ परिवार नियोजन का भी कार्य किया जा रहा है केवल तीन स्टाफ नर्स कार्यरत है जिनके ऊपर कार्य की अधिकता ज्यादा है।
- जे0एस0वाई0 पेमेन्ट की स्थिती अद्यतम नही थी जिसके लिये अधीक्षक ने बताया कि वहुत से लाभार्थियों के खाता नम्बर नही है इसके लिये ए.एन.एम. को सुक्षाव दिया गया कि जब लाभार्थी ए.एन.सी. के लिये आये तभी आप उसका खाता खुलवाने के लिये लाभार्थी को प्रेरित करें।
- लेबर रुम में इन्वर्टर की व्यवस्था नही है जिसको लगवाने की आवश्यकता है।
- लेबर रुम में पर्दा लगवाने की आवश्यकता है।
- वार्ड में आई.ई.सी. की कमी पायी गयी तथा वार्डो में टी.वी. नही लगा है जिसके लिये अधीक्षक महोदय से कमरे में वाल राइटिंग तथा एल0ई0डी0 टी0वी0 की व्यवस्था करने का सुझाव दिया गया।
- चिकित्सालय परिसर में एम0सी0एच0 विगं का निर्माण पुर्ण हो गया है।
- एन0आर0सी0 विंग दिनांक 27.4.2015 से संचालित है जिसमें अभी तक 66 बच्चों का रजिस्ट्रेशन हो चुका है तथा 41 बच्चों का इलाज हो चुका है। 20 बच्चें ड्राप आउट हो चुके है एक बच्चा रेफर किया जा चुका है।
- एन0आर0सी0 विंग में सम्बंधित प्रचार प्रसार, वाल राईटिंग, प्ले एरिया में मैट, कुछ खेल सामग्री लाने का सुक्षाव दिया गया।

- एन0आर0सी0 विंग में गीजर तथा एक्वागार्ड की मांग की गयी जिसके लिये जनपदीय कार्यक्रम प्रबन्धक को इस सम्बन्ध में कार्यवाही करने तथा उक्त सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करने के सुक्षाव दिये गये।
- चिकित्सालय में डेण्टल डाक्टर कार्यरत है लेकिन सिर्फ ओ.पी.डी. होती है चिकित्सक ने बताया कि डेण्टल चेयर उपलब्ध है लेकिन कार्यशील नही है जिसके लिये अधीक्षक को सुक्षाव दिया गया कि अपने स्तर से इसको क्रियाशील कर डेण्टन सुविधा उपलब्ध करायें।
- चिकित्सा अधीक्षक ने अवगत कराया यहॉ पर वेस्ट मेंनेजमेंन्ट की कमी है। कलर कोटेड विन्स नही है तथा पुरे एक वर्ष के जो दवा की धनराशि निर्गत की जाती है उससे दवाओं की उपलब्धता पूर्ण नही हो पाती है।

## उपकेन्द्र अन्गदपुर, जनपद बागपत

- ए.एन.एम. रेखा देवी आंगनवाड़ी बबीता तथा उनके अन्तर्गत 4 आशायें कार्यशील है।
- ए.एन.एम. रेखा देवी ने अवगत कराया कि इस समय पोलियो कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है जिससे सत्र आयोजित नही हो रहा है।
- ए0एन0एम0 का रिकार्ड तथा सभी रजिस्टर पूर्ण पाये गयें।
- ए0एन0एम0 को अपने कार्य की अच्छी जानकारी थी।
- ए0एन0एम0 ने बताया कि अभी कुछ दिन पहले सेन्टर को एक्रीकेटेड सेन्टर बनाया गया है जिसके लिये टीम ने प्रसव कक्ष को व्यवस्थित करने का सुक्षाव दिया गया ।
- आई.ई.सी. सामग्री की कमी थी जिसके लिये ब्लाक प्रोग्राम मैनेजर को ब्लाक स्तर से उपलब्ध कराने का सुक्षाव दिया गया।
- परिसर के बाहर वाल राईटिंग करने के सुक्षाव दिये गये।

## **धन्यवाद**